बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-479
24/12/2019

मुख्यमंत्री ने ए0ई0एस0 प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण, अनुपालन समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

पटना, 24 दिसम्बर 2019 :– जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार कांटी प्रखंड के पंचायत पानापुर हवेली, दरियापुर में ए0ई0एस0 प्रभावित परिवारों से मिले। मुख्यमंत्री ने ए0ई0एस0 प्रभावित परिवारों से उनका हाल जाना, साथ ही ए0ई0एस0 को लेकर जागरूकता कार्यक्रम को और गति प्रदान करने का निर्देश दिया।

जीविका के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी कि दरियापुर में ए0ई0एस0 प्रभावित परिवार को सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत रोजगार दिया गया है तथा उन्हें जीविका के स्वयं सहायता समूह से भी जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री को बताया गया कि 11 करोड़ 39 लाख 10 हजार रूपये की राशि स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश के रूप में दी गई है तथा बैंकों द्वारा 52 करोड़ रुपये स्वयं सहायता समूह का वित्तीय समावेशन किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा चमकी बुखार (ए0ई0एस0) से बचाव के लिये जागरूकता हेतु मोबाइल वाणी का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त पंचायत सरकार भवन के पीछे स्थित सरकारी पोखर से सम्बंधित योजना का भी उन्होंने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 140 का भी उद्घाटन किया। इसके साथ ही पंचायत सरकार भवन स्थित पी0एच0ई0डी0 द्वारा जीणोद्धार कराये गये कुएं का अवलोकन किया तथा कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जीविका के पांच स्वयं सहायता समूह को कृषि यंत्र बैंक की स्थापना हेतु स्वीकृति पत्र हस्तगत कराया गया जबकि क्रांति जीविका समूह को कृषि यंत्र बैंक की चाबी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने जीविका, स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने ए0ई0एस0 प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर जिलाधिकारी के साथ पंचायत सरकार भवन में अनुपालन समीक्षा बैठक की तथा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, सांसद श्रीमती वीणा देवी, विधायक श्री अशोक चौधरी समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव श्री आर0के0 महाजन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******